एक नजर में

## फतेह स्पोर्ट्स क्लब आलीराजपुर में पटेल ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



**आलीराजपुर।** जिले के फतेह स्पोर्ट्स क्लब परिसर में आयोजित बहुप्रतिक्षित पटेल ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के करकमलों द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर पटेल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया, उन्हें शुभकामनाएँ दीं और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए ?1,50,000 तथा उपविजेता टीम के लिए ?71,000 की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। बड़ी इनाम राशि के कारण खिलाड़ियों और टीमों में विशेष उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि पटेल ट्रॉफी का यह भव्य आयोजन पिछले पाँच वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। इस वर्ष प्रतियोगिता में गुजरात, महाराष्ट्र और इंदौर की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे मैचों का स्तर और अधिक रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। बाहर से आई टीमों की भागीदारी ने आयोजन को अंतरराज्यीय स्वरूप प्रदान किया है। यह आयोजन पुष्पराज पटेल, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आलीराजपुर द्वारा लगातार पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना, क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों के उत्साह और खिलाड़ियों के जोश ने पूरे मैदान का वातावरण खेलमय बना दिया। पटेल ट्रॉफी आज क्षेत्र के युवाओं के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है, जो आने वाले समय में और भी बड़े स्वरूप में आयोजित होने की उम्मीद है।

## जयंतसेन सूरीश्वरजी का 43वाँ पाटोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**राणापुर।** स्थानीय श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज साहेब का 43वाँ पाटोत्सव दिवस अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। श्री संघ, अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक/महिला परिषद् एवं श्री यतीन्द्र ज्ञान पाठशाला मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए। ललित जैन ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे भव्य स्नात्र पूजन के साथ हुई, जिसका लाभ श्री विनय जी कटारिया परिवार ने लिया। इसके पश्चात दोपहर में सभी श्राविकाओं ने सामूहिक सामायिक के माध्यम से आत्म-आराधना की। संध्या आरती के बाद आयोजित विशेष 'गुरु गुणानुवाद सभा' में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर परिषद् अध्यक्ष प्रवीण नाहर एवं संघ के वरिष्ठ दिनेश नाहर, प्रवीण कटारिया, विमल कटारिया, पंकज कटारिया, कल्पेश जैन, विनय कटारिया, अरविंद जैन एवं पाठशाला शिक्षिका नीति सालेचा ने गुरुदेव के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। सभा में पाठशाला के नन्हे सितारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुक्ति जैन, कृति जैन, हितांश जैन, लक्षित जैन, नेमी जैन एवं काव्य जैन ने कविताओं और प्रेरक शब्दों के माध्यम से गुरुदेव के जीवन और उनके सिद्धांतों को रेखांकित किया। इस गरिमामयी आयोजन का समापन गुरुदेव की जय-जयकार के साथ हुआ।

## दोपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 13 बाइक जब्त



इंदौर. शहर में बढ़ती दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. तुकोगंज पुलिस ने दो शातिर आरोपियों और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर करीब 14 लाख रुपये की 13 चोरी की मोटर साइकिल जब्त की हैं. पुलिस आयुक्त जोन 3 राजेश व्यास ने बताया कि तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव और उनकी टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह को दबोचा है. थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान बीमा ऑफिस परिसर में एक ड्डयुवक बुलेट मोटर साइकिल पर संदिग्ध हालत में बैठा मिला. पुलिस ने जब उससे वाहन के कागजात और नंबर प्लेट की जांच की तो नंबर प्लेट फर्जी पाई गई. सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने अपने साथियों के साथ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करना कबूल किया. चोरी किए गए वाहनों को सुनसान जगहों पर छिपाकर रखा जाता था. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 13 चोरी की मोटर साइकिल बरामद की. पुलिस ने 23 वर्षीय मोहित जीनवाल निवासी पंचम की फेल और 18 वर्षीय प्रशांत मरमट निवासी पंचम की फेल को गिरफ्तार किया है. इनके साथ एक बालक को भी अभिरक्षा में लिया है.

# जनविश्वास अभियान में एसपी ने दिया शिक्षित समाज-सुरक्षित परिवार का संदेश

**आलीराजपुर। पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने तथा सामाजिक जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से अलीराजपुर जिले में पुलिस का अभिनव अभियान 'आपणा मानसेन आपणी पुलिस' निरंतर प्रभावी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार, 31 जनवरी 2026 को थाना नानपुर परिसर में 'अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान' के अंतर्गत एक भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका स्थानीय गणमान्य नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।**

इस अवसर पर क्षेत्र के पटेल, तड़वी, सरपंच, पुजारा, चौकीदार, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, महिला एवं बाल विकास कार्यकर्ता, ग्रामीणजन तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस को केवल कानून प्रवर्तन एजेंसी नहीं, बल्कि समाज का मित्र और मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करना रहा।

शिक्षा और जागरूकता से बनेगा सुरक्षित समाज

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का सबसे सशक्त हथियार है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित डाकन-डायन प्रथा, अंधविश्वास और नशे की प्रवृत्ति को सामाजिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए इनके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। साथ ही महिला सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए बताया कि अलीराजपुर जिले के सभी थानों में आमजन की सुविधा के लिए पुलिस हेल्पडेस्क स्थापित की गई हैं, जिससे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

'हमें चालान नहीं, हेलमेट चाहिए' - पुलिस का मानवीय संदेशसड़क सुरक्षा को लेकर एसपी श्री सिंह ने अलीराजपुर पुलिस के अभिनव प्रयोग 'हेलमेट बैंक' की जानकारी देते हुए कहा कि जिले के थानों में जनसहयोग से हेलमेट बैंक स्थापित किए गए हैं। कोई भी वाहन चालक आवश्यकता पड़ने पर थाने से हेलमेट लेकर उपयोग कर सकता है और कार्य पूर्ण होने पर वापस जमा कर सकता है।

उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य चालान वसूलना नहीं, बल्कि आपकी जान बचाना है।' साथ ही बच्चों और युवाओं से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं परिजनों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करें।

महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर विशेष फोकस

उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) टी.सी. पंवार ने कहा कि नारी के सम्मान से ही समाज की वास्तविक उन्नति संभव है।

उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर पुलिस के सामने अपनी बात रखने की अपील की, ताकि महिला अपराधों में प्रभावी कमी लाई जा सके।कार्यक्रम में थाना प्रभारी नानपुर निरीक्षक श्री राजेश डावर एवं जिला साइबर शाखा द्वारा डिजिटल युग की चुनौतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



### उन्होंने बताया कि पुलिस आपकी मित्र है

अनजान वीडियो कॉल, फर्जी फ्रेंड रिक्वेस्ट और डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों से डरने या पैसे देने की जरूरत नहीं है। सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी और फोटो साझा करने से बचें। किसी भी आपात स्थिति में 112 पर कॉल करें या महिला हेल्पडेस्क नंबर 7701042100 पर संपर्क करें। 'पुलिस आपकी मित्र है' का संदेश कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने दोहराया कि 'पुलिस आपकी मित्र है', और आमजन को भरोसा दिलाया कि किसी भी संकट या समस्या में वे बिना संकोच पुलिस की सहायता ले सकते हैं। यह अभियान अलीराजपुर जिले में पुलिस और जनता के बीच भरोसे, सहयोग और सुरक्षा की मजबूत नींव रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया है।



# संगठन मजबूती पर जोर, जिला व ब्लॉक अध्यक्ष की शीघ्र नियुक्ति की मांग

**आलीराजपुर। पटेल फार्म हाउस, बोरखड़ में सोंडवा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान संगठनात्मक स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।**

बैठक को संबोधित करते हुए धोराट सरपंच झमराला भाई ने कहा कि जिले में लंबे समय से जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद रिक्त पड़ा है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जब से मुकेश पटेल जिला अध्यक्ष बने थे, तब पार्टी स्तर पर कोई बड़ी संगठनात्मक बैठक नहीं हुई। अब उनके इस्तीफे के बाद यह पद खाली है, जिससे कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।न कोई कांग्रेस की आलीराजपुर विधानसभा की बैठक हुई ..झमराला भाई ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं प्रतिपक्ष नेता श्री उमंग सिंघार से मांग की कि पंचायत चुनाव से पूर्व शीघ्र ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की जाए, ताकि संगठन को सक्रिय, संगठित और मजबूत बनाया जा सके।

> बैठक में कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि सोंडवा ब्लॉक अध्यक्ष लंबे समय से निष्क्रिय हैं। ऐसे में ब्लॉक स्तर पर भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति आवश्यक है, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार हो। बैठक में पूर्व आलीराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चौहान, सोंडवा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाया भाई ,केसरा पटेल, बापू पटेल फाटा ,नानकिया भाई, जितेंद्र मोरी, सहित अनेक पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर संगठन हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

## महिला सिक्युरिटी गार्ड हत्याकांड में तीसरा आरोपी भी गिरफ्त में

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में सामने आए सनसनीखेज महिला हत्याकांड में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है. लूट की नीयत से की गई इस हत्या में शामिल तीनों आरोपी अब पुलिस रिमांड पर हैं. बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र के गंगाधाम इलाके में हुई महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. घटना के बाद से फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.



# सरस्वती शिशु मंदिर पर भैय्या बहनों को किया पुरस्कृत

**मेघनगर.** सरस्वती शिशु मंदिर मेघनगर में पुरस्कार समारोह व भैया बहनों का सहभोज का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती मेघा भानपुरिया व श्री मती मंगला जोशी व श्री मती गायत्री देवी शर्मा थे अतिथियों द्वारा भैया बहनों को पुरस्कार वितरित किए गये ओर विधालय की दीदी हिना दीदी द्वारा विधालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया अतिथियों का परिचय विधालय के प्रधानाचार्य धनराज काग ने कराया स्वागत विधालय की तीनों पाली प्रमुख श्री मती उषा काग, श्री मती रश्मि शर्मा व श्री मती रिंकु पंड्या ने किया कार्यक्रम का संचालन विधालय की दीदी श्री मती निर्मला नायक ने किया मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहनों को उद्बोधन में कहा की सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों को संस्कार वान ओर देश भक्ति से ओतप्रोत बनाया जाता है शिशु मंदिर में पढ़ने वाले भैया बहन समाजसेवी व राष्ट्र सेवा भावी होते हैं भैया बहनों को पुरस्कार श्री मती दिपमाला अर्चित जैन व डा हितेश जी नायक व स्व श्री राजमल जी चंडालिया परिवार की ओर से दिया गया भैया बहनों का सहभोज नगर समाजसेवी के सहयोग से किया गया विधालय के प्रधानाचार्य ने शिशु मंदिर को सहयोग करने वाले भाई बन्धु व अतिथियों का आभार व्यक्त किया व उन्होंने कहा की जब जब शिशु मंदिर में आवश्यकता होती है समाज शिशु मंदिर के साथ खड़ा रहता है और सहयोग करता है उन्होंने कहा विधालय की स्थापना 2005 में की गई थी 50 भैया बहनों की संख्या से शुरुआत की थी जो आज 2026 में 900 भैया बहनों का विशाल वटवृक्ष खड़ा हुआ है अतः शिशु मंदिर में भैया बहनों शारिरिक व बौद्धिक विकास किया जाता है कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय की दीदी व आचार्य का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम का विसर्जन सहभोज व शांति मंत्र के साथ समाप्त किया गया ।

एक नजर में | एलपीजी टैंकर दुर्घटना : जिला आपदा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत प्रशासन की त्वरित, समन्विति व प्रभावी कार्रवाई

# ट्रक की टक्कर से एलपीजी से भरा टैंकर फूलमाल चौराहे पर पलटा, क्रेन की मदद से सीधा किया

**झाबुआ, 31 जनवरी 2026। शनिवार सुबह लगभग 7:45 बजे मेघनगर रोड से आ रहे एक ट्रक की टक्कर से एलपीजी से भरा एक टैंकर फूलमाल चौराहे पर पलट गया।**

**घटना की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष नेहा मीना के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत तत्काल राहत, सुरक्षा एवं नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया गया। आपदा की संभावित गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, पुलिस, गेल इंडिया लिमिटेड, नगर पालिका की फायर टीम एवं अन्य संबंधित विभागों की टीमें त्वरित रूप से घटनास्थल पर पहुंचीं। कलेक्टर के निर्देशानुसार एहतियातन फूलमाल चौराहे के आसपास 800 मीटर की परिधि को संवेदनशील क्षेत्र घोषित करते हुए क्षेत्र में स्थित सभी चाय-नाश्ते की दुकानों एवं घरों के गैस चूल्हे तथा विद्युत आपूर्ति को तत्काल बंद कराया गया। साथ ही संभावित जनहानि को रोकने हेतु यातायात पूर्णतः नियंत्रित कर रूट डायवर्जन किया गया।**

दोपहर लगभग 1:00 बजे इंदौर से एचपीसीएल की विशेषज्ञ तकनीकी टीम के घटनास्थल पर





पहुंचने के पश्चात जिला आपदा प्रबंधन टीम के समन्वय से पूर्णतः आवागमन बंद कर क्रेन की सहायता से एलपीजी टैंकर को सुरक्षित रूप से सीधा किया गया। पूरे ऑपरेशन के दौरान गैस रिसाव, आगजनी अथवा विस्फोट की किसी भी आशंका को नियंत्रित रखा गया।

### अपनाई आपदा प्रबंधन प्रक्रिया

जिला प्रशासन द्वारा अपनाइ गई मानक आपदा प्रबंधन प्रक्रिया, विभागीय समन्वय एवं सतर्कता के परिणामस्वरूप यह संभावित बड़ी आपदा बिना किसी जनहानि के सफलतापूर्वक टाल दी गई। पुलिस, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, गेल इंडिया लिमिटेड एवं नगर पालिका फायर टीम के समन्वित प्रयासों से संपूर्ण ऑपरेशन शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हुआ।इस अभियान के दौरान अपर कलेक्टर सी.एस. सोलंकी, गेल इंडिया लिमिटेड के जीएम श्री प्रबुद्ध मजूमदार, एसडीएम भास्कर गाचले, एसडीओपी रूपरेखा यादव, कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीआरएफ शशिधर पिल्लई, तहसीलदार सुनील डावर, टी.ई. भास्करे, ट्रैफिक सूबेदार, होमगार्ड प्लाटून कमांडर संतोष डिंडोर तथा सिविल डिफेंस के श्री जेंद्र व्यास सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।